तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 वर्चेगोंदी के आस्था उत्सव में विधायक ने देवगुड़ी व...





14 मौत का कहर बन कर दौड़ रहे टिप्पर...





Shri Gopala HOSPITAL

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## पुलिस लाइन में अनुशासन, सुविधाओं और कार्यप्रणाली की कसौटी पर जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अलग खबर

पुलिस लाइन कांकेर में अनुशासन, व्यवस्थापन और मानवीय संवेदनाओं का अनोखा संगम उस समय देखने को मिला, जब पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने विस्तृत प्रशासनिक निरीक्षण किया। यह महज एक औपचारिक दौरा नहीं था, बल्कि एक ऐसा प्रयास था



### एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

### रिक्रूट आरक्षकों से किया संवाद

निरीक्षण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू जवानों के साथ सीधा संवाद रहा। एसपी ने रिक्रूट आरक्षकों से उनकी समस्याओं, प्रशिक्षण और कार्य अनुभव के बारे में खुलकर चर्चा की। उन्होंने प्रशिक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया कि नए जवानों को न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाया जाए, बल्कि उन्हें आधुनिक पुलिसिंग की चुनौतियों के लिए भी तैयार किया जाए।

### बेहतर कार्य करने वाले सम्मानित

एसपी ने स्पष्ट किया कि समर्पण और उत्कृष्टता के साथ कार्य करने वाले हर कर्मचारी को उचित पहचान और सम्मान मिलेगा। यह निरीक्षण न केवल प्रशासनिक सुदृढ़ता का संकेत है।

जिसमें व्यवस्था की बारीकियों के साथ-साथ जवानों के जीवन स्तर और मनोबल को भी केंद्र में रखा गया। निरीक्षण की शुरुआत कार्यालयीन व्यवस्थाओं से हुई, जहाँ एसपी ने विभिन्न शाखा प्रभारियों से कार्यों की प्रगति, संसाधनों की उपलब्धता और लंबित मामलों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अभिलेखों और रजिस्टरों की गहन जांच करते हुए यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रविष्टियां समय पर और व्यवस्थित तरीके से दर्ज हो रही हैं।

▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### गुडफेल में आज लगेगा वार्षिक आनंद मेला

**दुर्गुकोंदल।** क्षेत्र के ग्राम गुडफेल में वार्षिक आनंद मेला का आयोजन आज 26 अप्रैल रविवार को किया जाएगा। मेले को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों द्वारा आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। रात्रिकालीन कार्यक्रम में रात 10 बजे से सुप्रसिद्ध गायिका डाली रानी लोक कला मंच द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। लोकगीत, नृत्य और मनोरंजक कार्यक्रमों से मेले में आने वाले दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होगा। मेले की तैयारियों के तहत गांव में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, आवागमन सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्रामीण स्वयं आगे बढ़कर आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

### दुर्गूकोंदल में जिम्मेदारिन आयाना कार्यक्रम आज

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम थानापारा दुर्गुकोंदल में जिम्मेदारिन प्रांगण स्थल शीतला माता में निर्मित नवीन भवन मंदिर में 26 अप्रैल रविवार को जिम्मेदारिन आयाना गदिया रेहाना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में जिम्मेदारिन आयाना, दंतेश्वरी आयाना, चौदह भाई, अठारह भूमकाल एवं पंच का गदिया रेहाना कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ आज 26 अप्रैल को सुबह 8 बजे से होगा। रात्रि में दीप कलश

### सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी गैरकानूनी पर यहां अहाता का इंतजाम नहीं

राजस्व तो मिलता है, सुविधा क्यों नहीं? अहाता की मांग हुई

## कांकेर में सड़क किनारे शराब पीने को हैं मजबूर लोग, दुकान में अहाता नहीं

हरि भूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मुख्यालय कांकेर में पंडरीपानी से बरदेभाटा जाने वाले मार्ग में स्थित शराब दुकान के बाहर बुनियादी सुविधाओं की कमी अब एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। खासकर मुख्य शराब दुकान पर अहाता पीने के लिए निर्धारित स्थान नहीं होने के कारण शराब खरीदने वाले लोगों को सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर बैठकर शराब पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों को पुलिस की कार्रवाई का सामना भी करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब दुकान से शराब खरीदने के बाद उनके पास पीने के



लिए कोई वैकल्पिक जगह नहीं होती। मजबूरी में वे सड़क किनारे, खाली प्लॉट या आसपास के सार्वजनिक स्थलों का सहारा लेते हैं। ऐसे में पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने के आरोप में कार्रवाई की जाती है, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है।

▶▶| शेष पेज 12 पर

### अहाता की होनी चाहिए व्यवस्था

स्थानीय नागरिकों का भी मानना है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने से वातावरण प्रभावित होता है। कई बार इससे विवाद और असामाजिक गतिविधियों की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। ऐसे में यदि अहाता की उचित व्यवस्था हो जाए, तो यह समस्या काफी हद तक नियंत्रित हो सकती है। इससे शराब पीने वाले लोग एक निर्धारित स्थान पर रहेंगे और सार्वजनिक स्थानों की गरिमा भी बनी रहेगी। शराब उपभोक्ताओं ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द शराब दुकानों के साथ अहाता की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### पुलिस कार्रवाई पर लगे रोक

प्रतिदिन शराब पीने वालों का कहना है कि पुलिस को शराब दुकान से लगभग एक किमी. के अंदर कार्रवाई नहीं करना चाहिए। पुलिस लगातार परेशान भी करती रहती है। सरकार अहाता की जब तक व्यवस्था नहीं कर देती है, तब तक पुलिस की कार्रवाई पर रोक लगनी चाहिए। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

### भगवान चित्रगुप्त जन्मोत्सव में भजन संध्या-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन




**कांकेर।** पौराणिक आस्था और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर माहौल में कायस्थ समाज कांकेर द्वारा भगवान चित्रगुप्त महाराज का प्रगट उत्सव इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। बैशाख शुक्ल पक्ष की गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने धार्मिक भावनाओं के साथ सामाजिक एकता का भी सुंदर संदेश दिया।

कायस्थ भवन में 24 अप्रैल को आयोजित इस उत्सव की शुरुआत समाज के सभी परिवारों द्वारा अपने-अपने घरों में विधिपूर्वक पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात संध्या समय सभी सदस्य एकत्रित होकर भगवान चित्रगुप्त की सामूहिक पूजा में शामिल हुए और अपने परिवारों की सुख-समृद्धि तथा देश की उन्नति के लिए प्रार्थना की। पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत नजर आया। कार्यक्रम के दौरान समाज के अध्यक्ष शिव श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती और समाज की प्रगति पर जोर दिया।

▶▶| शेष पेज 12 पर

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सारवंडी में किशोरी स्वास्थ्य पर चर्चा, जाँच शिविर

हरि भूमि न्यूज ▶▶| दुधावा



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सारवंडी में किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किशोरी बालिका स्वास्थ्य चर्चा एवं जाँच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जितेन्द्र देवदास के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्टाफ नर्स वासुकी साहू ने उपस्थित बालिकाओं को किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस उम्र में सही पोषण और व्यक्तिगत स्वच्छता ही स्वस्थ भविष्य की नींव है। वासुकी साहू ने एनीमिया से बचाव के लिए आयरन और फोलिक एसिड की गोलियों के महत्व को समझाया। मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और स्वच्छता के तरीकों पर चर्चा की।

जंक फूड से बचकर स्थानीय पौष्टिक आहार अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जितेन्द्र देवदास की देखरेख में स्वास्थ्य केंद्र की टीम द्वारा बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें किशोरियों में एनीमिया के स्तर की पहचान करने के लिए। विकास दर और पोषण की स्थिति को मापने के लिए। बालिकाओं की व्यक्तिगत स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान और आवश्यक दवाइयों का वितरण। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जितेन्द्र देवदास ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि स्वस्थ किशोरियां ही एक सशक्त समाज का निर्माण करती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर इस तरह के शिविर आयोजित करने से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच अंतिम छोर तक सुनिश्चित होती है।

## सब्जी बाजार में मोबाइल चोरी कर किया 50 हजार का फ्राड, चोर अज्ञात

- आरोपी की तलाश में पुलिस कैमरा फुटेज खंगाल रही

हरि भूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नए बस स्टैंड स्थित साप्ताहिक बाजार में खरीदारी के दौरान एक व्यक्ति का मोबाइल चोरी हो गया। घटना के बाद अज्ञात चोर ने मोबाइल का दुरुपयोग करते हुए पीड़ित के बैंक खाते से कुल 50 हजार रुपये पार कर दिए। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे टिकरापारा निवासी 58 वर्षीय पवन सिंह पवार पिता स्व. जीवन सिंह पवार ने पुलिस को बताया कि कांकेर जिला मुख्यालय में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गए थे और शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका मोबाइल चोरी कर



लिया। घटना की जानकारी उन्होंने तुरंत अपने पुत्र शुभम पवार और पुत्री तृप्ति पवार को दी। पीड़ित ने बताया कि उनके मोबाइल में किसी प्रकार का पासवर्ड या सुरक्षा लॉक नहीं लगा था। साथ ही मोबाइल में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और बैंक खाते से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी सुरक्षित थीं। इसी लापरवाही का फायदा उठाते हुए अज्ञात आरोपी ने बैंक खाते से 5-5 हजार रुपये के 10 ट्रांजैक्शन कर कुल 50 हजार रुपये निकाल लिए। इसकी जानकारी मिलने पर पीड़ित परेशान हो गया।

▶▶| शेष पेज 12 पर

### महिला ने जहर खाया अस्पताल में मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत जामकुटनी निवासी 28 वर्षीय जन्नी गावड़े पति संतू ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पखांजुर के निजी अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका ने जहर खा लिया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान 24 अप्रैल को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।




गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और

कमाएं

₹ 12,000 प्रति माह + इंसेन्टिव

योग्यता- 12वीं से स्नातक

मात्र 6 घंटे का आसान काम और फिर आराम ही आराम

ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।

स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय:

पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)

Resume करें - 9977374898


### महेंद्रपुर का दो दिवसीय वार्षिक मेला मड़ई 28 से

**दुर्गुकोंदल।** महेंद्रपुर ग्राम महेंद्रपुर में दो दिवसीय पारंपरिक वार्षिक मेला मड़ई का आयोजन 28 अप्रैल मंगलवार से किया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित मेले को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों द्वारा आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

हर वर्ष आयोजित होने वाला यह मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान माना जाता है, जहां ग्रामीण परंपरा, लोक संस्कृति और सामाजिक मेलजोल की अनूठी झलक देखने को मिलती है। मेले में स्थानीय देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक नृत्य तथा ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि मेले में सटेली, राऊरवाही, आमाकड़ा, कोटपारा, चिहरों और पेड़ावारी सहित अनेक गांवों के ग्रामीण शामिल होंगे।

### नहीं सुधर पा रही यातायात व्यवस्था

जनप्रतिनिधि सड़क पर नहीं उतरे और ठीकरा अमले पर फोड़ दिया

## रसूखदार व्यापारी नियम तोड़ने में आगे और दुकान के बाहर सजाते हैं सामान

हरि भूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरीय निकाय में लंबे समय बाद भाजपा की सरकार बनी और यह लोगों को विश्वास था कि कुछ बदलाव देखने को मिलेगा, परंतु बदलाव नहीं दिखने के चलते लोग भी मायूस हो रहे है। कांकेर शहर में दुकानदार दुकान के बाहर सामान रखकर व्यवस्था को बिगाड़ते है, जिससे पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है।

प्रभावशाली नेता के परिजन भी नियम तोड़ने में आगे दिखाई देते है। इस व्यवस्था को सुधारने के लिए नगरीय निकाय के एक भी जनप्रतिनिधि सड़क पर नहीं उतरे और पूरा ठीकरा सरकारी अमले पर फोड़ दिया जाता है।

▶▶| शेष पेज 12 पर



### जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के परिजन भी पीछे नहीं

चौंकाने वाली बात यह है कि इस अतिक्रमण में शहर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के परिजन भी पीछे नहीं हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब प्रभावशाली लोगों के परिवार ही नियमों की अनदेखी करेंगे, तो आम दुकानदारों पर इसका क्या असर पड़ेगा। इससे प्रशासन की कार्यवाही भी कमजोर पड़ती नजर आती है। प्रशासन कार्रवाई करता है तो जनप्रतिनिधि फोन करके कार्रवाई रूकवाने का प्रयास करते रहते है। यह कोई पहला मौका नहीं है, विगत 25 साल से यही हाल बना हुआ है।

### कड़ी कार्रवाई जरूरी

शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण के खिलाफ सख्त और निरंतर कार्रवाई की जाए, ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, चाहे वे कितने ही प्रभावशाली क्यों न हों। तभी शहर को स्वच्छ, सुगम और व्यवस्थित

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शुरू

कोण्डागांव। अग्निवीर थल सेना भर्ती 2026–27 के तहत कोंडागांव जिले से कुल 1294 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम 04 मई से 04 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा। भारतीय थल सेना द्वारा ऑनलाइन लिखित परीक्षा 01 जून से 15 जून 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। युवाओं को परीक्षा के लिए बेहतर तैयार करने के लिए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार विभाग की वेबसाइट, च्वाईस सेंटर या रोजगार कार्यालय में जाकर प्रशिक्षण के लिए पंजीयन करा सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित समय सीमा में आवेदन कर निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील की है।

### महिला यात्री का बैग ढूंढा और आरपीएफ ने लौटाया



**जगदलपुर।** रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों की सुरक्षा और विश्वास की मिसाल पेश की है। ट्रेन में छूटे एक ट्रॉली बैग को सूचना मिलने पर खोज निकाला और उसे सुरक्षित मालिक तक पहुंचाने का काम किया। एक महिला यात्री ने सूचना दी कि ट्रेन संख्या 18107 के फ्रंट जनरल कोच में उनका हरे रंग का ट्रॉली बैग छूट गया है। बैग में कपड़ों के साथ सोने के झुमके भी रखे थे । जिसकी कीमत लगभग 60,000 बताई गई। सूचना मिलते ही आरपीएफ ने तत्काल खोज शुरू किया। कोच पहुंचकर तलाशी ली। इस दौरान बैग बरामद कर लिया गया। वहीं बैग को वास्तविक मालिक के सुपुर्द कर दिया गया। यात्री ने आरपीएफ की तत्परता और मानवीय दृष्टिकोण की सराहना करते आभार व्यक्त किया। नबरंगपुर (ओडिशा) निवासी निबेदिता पांडा ने बताया कि अपनी माता के साथ संबलपुर से जगदलपुर तक यात्रा कर रही थीं । तभी बैग ट्रेन में छूट गया।

# पूर्व सैनिकों ने मुक्तिधाम में चलाया स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मुक्तिधाम परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान पूर्व सैनिकों के साथ–साथ निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक–युवतियों ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया। सभी ने मिलकर मुक्तिधाम परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की तथा उगी हुई जंगली घास को काटकर परिसर को स्वच्छ बनाया। स्वच्छता अभियान के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छ भारत सुंदर भारत, स्वच्छ कोंडागांव सुंदर कोंडागांव जैसे नारों के साथ जनजागरूकता का संदेश दिया।

## मुक्तिधाम परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की

### जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी रहे मौजूद

इस अवसर पर परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सदस्य श्रीकांत तिवारी, नगर पालिका परिषद कोंडागांव के एसडीओ बृजेश श्रीवास्तव, संतोष साहू सहित बड़ी संख्या में युवक–युवतियां उपस्थित रहे।



### स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश

कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। पूर्व सैनिकों की इस पहल से शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ ही समाज के अन्य वर्गों को भी प्रेरणा मिल रही है।

## दिवस : विलियम शेक्सपीयर को जयंती पर किया याद

# अंग्रेजी भाषा दिवस पर गुंडाधुर कालेज में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा अंग्रेजी भाषा दिवस के अवसर पर विविध शैक्षणिक एवं सृजनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिवस विश्वविख्यात नाटककार विलियम शेक्सपीयर की जयंती एवं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

अंग्रेजी विभागाध्यक्ष श्रीमती रूपा सोरी के निर्देशन में पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, क्विज और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और भाषाई दक्षता का प्रदर्शन किया।

**अतिथियों ने अंग्रेजी भाषा के महत्व पर रखे विचार** – कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. किरण नुरुटी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. पुरोहित कुमार सोरी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में शशिभूषण कन्नौजे, शोभाराम यादव, डॉ. अलका शुक्ला और डॉ. देवाशीष हालदार शामिल रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई चंद्रभान ने अंग्रेजी को करियर निर्माण में सहायक बताया चांदनी ने शेक्सपीयर के साहित्य की प्रासंगिकता पर विचार रखे अमृता ने इसे व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम का संचालन पल्लवी नुरुटी एवं अभिषेक कुमार जैन ने किया, जबकि अंत में दिनेश्वर साहू ने आभार प्रदर्शन किया। अंग्रेजी भाषा दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में भाषा के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करने में सफल रहा तथा उन्हें वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करने की दिशा में प्रेरित किया।



# पंचायत सभाओं में जनगणना को लेकर जागरूकता अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर कोंडागांव जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही। ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को जनगणना 2027 की प्रक्रिया, महत्व और इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राम सभाओं के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया, जिन्होंने ग्रामीणों को जनगणना एवं स्व–गणना की प्रक्रिया समझाई। बैठक में बताया गया कि जनगणना का पहला चरण 01 मई से 30 मई 2026 तक संचालित होगा, जिसमें प्रगणक घर–घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे।

### स्व–गणना की सुविधा उपलब्ध

ग्रामीणों को स्व–गणना की सुविधा के बारे में भी जानकारी दी गई। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

### सही जानकारी देने की अपील

ग्रामीणों से अपील की गई कि वे सही और पूर्ण जानकारी प्रदान करें, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ उन्हें सही तरीके से मिल सके।

### जल संरक्षण और 'बस्तर मुन्ने' पर भी चर्चा

ग्राम सभाओं में "मोर गांव मोर पानी" अभियान के तहत जल संरक्षण के उपायों पर चर्चा की गई तथा बस्तर मुन्ने कार्यक्रम की जानकारी देकर ग्रामीणों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# विधिक शिविर में अधिकारों कर्तव्यों की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी के मार्गदर्शन तथा सचिव गायत्री साय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट, अधिकार मित्र रंजन बैध एवं लोकेश यादव द्वारा विधिक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। शिविर में जनसंवाद सत्र एवं निःशुल्क विधिक परामर्श जैसी गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने बताया कि समाज के प्रत्येक वर्ग को धन के प्रबंधन, बचत, निवेश एवं ऋण से संबंधित विधिक जानकारी होना आवश्यक है। इससे लोग अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकते हैं तथा किसी भी प्रकार के अन्याय के विरुद्ध आवाज उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होती है।

### छात्रओं को दी गई विशेष कानूनी जानकारी

शिविर में छात्रओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बालिकाओं के संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी दी गई। इसमें साइबर सुरक्षा, बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रओं ने भाग लेकर विधिक एवं वित्तीय जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए ऐसे आयोजनों की निरंतरता की आवश्यकता पर बल दिया। यह शिविर न केवल विधिक जागरूकता बढ़ाने में सहायक रहा, बल्कि समाज के युवाओं—विशेषकर छात्रओं को वित्तीय रूप से सशक्त एवं सजग नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करने वाला महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# नारंगी डेम निर्माण का विधायक और कलेक्टर ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव जिले में जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज विधायक लता उसेंडी एवं जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने नारंगी नदी पहुंचकर प्रस्तावित जलाशय निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। दोनों ने मौके पर पहुंचकर कार्य की प्रगति और संभावनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक एवं कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोंडागांव जिले में भविष्य में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए ठोस एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि जलाशय निर्माण से न केवल जल संरक्षण होगा बल्कि भूजल स्तर में भी सुधार आएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, वर्षा जल की उपलब्धता और ग्रामीण–शहरी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक समग्र योजना बनाई जाए। इस कार्ययोजना में जल संग्रहण, वितरण और दीर्घकालिक जल प्रबंधन के पहलुओं को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।

### जनप्रतिनिधि व अधिकारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर परियोजना को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने की प्रतिबद्धता जताई।

### जल संरक्षण की दिशा में अहम कदम

नारंगी जलाशय निर्माण परियोजना को जिले के लिए एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इससे न केवल पेयजल समस्या का समाधान होगा बल्कि कृषि एवं अन्य आवश्यकताओं के लिए भी पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा। यह पहल कोंडागांव जिले में दीर्घकालिक जल प्रबंधन और विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगी, जिससे आने वाले वर्षों में जल संकट से राहत मिलने की उम्मीद है।

## कलेक्टर के निर्देश पर निरंतर हो रहे विशेष स्वास्थ्य शिविर

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 156 लोगों का हुआ परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत 25 अप्रैल को कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक के मार्गदर्शन में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुम्हारपारा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 156 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं। टीबी की शीघ्र पहचान हेतु टीबी वल्नरेबल पॉपुलेशन के 86 लोगों की मौके पर ही आधुनिक पोर्टेबल एक्सरे मशीन के माध्यम से जांच की गई। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा विभिन्न रोगों का उपचार किया गया। अस्थि रोग से पीड़ति 20 मरीजों को फिजियोथेरेपी के माध्यम से राहत प्रदान की गई। वहीं 40 मरीजों का ओरल स्क्रीनिंग के साथ डेंटल चेकअप हुआ। नेत्र रोग टीम ने 33 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया जिसमें मोतियाबिंद के 6 मरीजों को उपचार और सर्जरी हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया। 70 मरीजों की निःशुल्क लैब जांच की गई और तत्काल रिपोर्ट मुहैया कराई गई।

### 9 गर्भवती महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गीदम रोड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी कराई गई। इस सुविधा के माध्यम से जटिल गर्भधारण वाली महिलाओं की सुरक्षित प्रसव हेतु आवश्यक चिकित्सकीय निगरानी सुनिश्चित की गई। इसके अतिरिक्त शिविर स्थल पर भी 5 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं इलाज प्रदान किया गया।

### इनकी रही अहम भूमिका

इस आयोजन को सफल बनाने में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. गोपेश, डॉ. मोमिता, डॉ. तृषा एवं डॉ. रेखा के साथ-साथ नेत्र विभाग की टीम, शहरी स्वास्थ्य मितानिनों, मितानिन प्रशिक्षकों एवं पूरी शहरी स्वास्थ्य टीम का विशेष योगदान रहा। शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक पी. डी. बस्तिया के साथ टीम के सदस्य जुटे रहे।

## पेज 11 के शेष

### पुलिस लाइन में...

फाइलों के बेहतर रखरखाव और लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाने के स्पष्ट निर्देश भी दिए गए। इसके बाद एसपी ने बैरक और आवासीय परिसरों का दौरा कर जवानों के रहन-सहन का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जवानों को स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और साफ-सुथरे शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध कराई जाएं। उनका कहना था कि बेहतर कार्यक्षमता के लिए स्वस्थ और सुविधाजनक वातावरण अत्यंत आवश्यक है। क्वार्टर गार्ड और शस्त्रागार में शस्त्रों की सफाई, रखरखाव और सुरक्षा मानकों की भी बारीकी से जांच की गई। जवानों को आधुनिक हथियारों के संचालन में दक्ष बने रहने के लिए नियमित अभ्यास करने की सलाह दी गई। वाहनों की लॉग बुक और सर्विसिंग रिकॉर्ड का अवलोकन करते हुए एसपी ने निर्देश दिया कि आपातकालीन परिस्थितियों के लिए सभी वाहन हमेशा तैयार स्थिति में रहें।

### बरदेभाटा में अहाता...

शराब उपभोक्ताओं का कहना है कि सरकार को इस विषय में गंभीरता से विचार करना चाहिए। उनका तर्क है कि जब सरकार खुद शराब बिक्री के माध्यम से भारी राजस्व अर्जित करती है, तो उपभोक्ताओं के लिए न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराना भी उसकी जिम्मेदारी बनती है। अहाता जैसी व्यवस्था न होने से उन्हें अनावश्यक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ शराब उपभोक्ताओं ने बताया कि वे कानून का उल्लंघन नहीं करना चाहते, लेकिन विकल्प के अभाव में उन्हें सड़क किनारे बैठना पड़ता है। ऐसे में पुलिस द्वारा चालान या अन्य कार्रवाई किए जाने पर वे खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। उनका कहना है कि यह स्थिति दोहरे मापदंड को दर्शाती है एक ओर सरकार शराब बेचकर राजस्व बढ़ा रही है, दूसरी ओर उसी के उपभोक्ताओं पर कार्रवाई हो रही है।

### भगवान चित्रगुप्त जन्मोत्सव...

उन्होंने सभी सदस्यों से एकजुट होकर समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। भजन संध्या इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें श्रीराम नगर की रामायण मंडली के सदस्यों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ ने वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। साथ ही आमंत्रित स्टार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत भजनों ने कार्यक्रम में ऊर्जा भर दी। महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा। इस आयोजन में समाज के अनेक गणमान्य सदस्य, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई।

आयोजित कार्यक्रम में समाज के जोखन लाल श्रीवास्तव, नरेन्द्र श्रीवास्तव, सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव, संजीत श्रीवास्तव, निखिल श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, विरेंद्र श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, कुलेंद्र श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, नीलेश श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव व महिला प्रकोष्ठ से प्रमिला श्रीवास्तव, शशिकला श्रीवास्तव, संध्यादेवी श्रीवास्तव, अंजना श्रीवास्तव, करूणा श्रीवास्तव, शीला श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव, आभा श्रीवास्तव, इंदू श्रीवास्तव, संगीता श्रीवास्तव, मीना श्रीवास्तव, रीना श्रीवास्तव, ज्योत्सना श्रीवास्तव, भावना श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, अलका श्रीवास्तव, सिंधु श्रीवास्तव, नीलम श्रीवास्तव, विनिता श्रीवास्तव, शिल्पी श्रीवास्तव, निकिता श्रीवास्तव सहिंत बड़ी संख्या में कायस्थ परिवार की महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहें।

### सब्जी बाजार में मोबाइल...

शिकायत मिलते ही पुलिस बाजार स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली रही है, जिससे संदिग्ध व्यक्तियों या आरोपी की पहचान हो सके। शिकायत के आधार पर कांकेर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2), 318 (4) और 319 (2) के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपने मोबाइल और कीमती सामान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें तथा मोबाइल में मजबूत पासवर्ड और अन्य सुरक्षा उपाय अवश्य अपनाएं, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

### रसूखदार व्यापारी...

जिला मुख्यालय में दुकानदार सड़क और नालियों पर सामान सजाने से बाज नहीं आ रहे हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगरीय प्रशासन एवं यातायात विभाग द्वारा सैकड़ों बार कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन कुछ ही महीनों में स्थिति फिर से पहले जैसी हो जाती है। नगर के मुख्य बाजारों और व्यस्त मार्गों पर दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों के सामने ही नहीं, बल्कि सड़क तक सामान फैलाकर व्यापार कर रहे हैं। इससे यातायात बाधित हो रहा है और पैदल चलने वालों के लिए भी जगह नहीं बचती। कई स्थानों पर तो नालियों को पूरी तरह ढंककर उस पर सामान रख दिया गया है, जिससे जल निकासी की समस्या भी उत्पन्न होती रहती है। बारिश के समय यही स्थिति जलभराव का कारण बनती है, पिछले बारिश में यह दृश्य देखे गए थे और यह दुकानदार जनप्रतिनिधियों को उस समय कोसते है। नगरपालिका और यातायात की टीम समय-समय पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाती है। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों का सामान हटाने हिदायत व समझाईश दिया जाता है, लेकिन यह कार्रवाई स्थायी समाधान साबित नहीं हो पा रही है। जैसे ही अभियान की सख्ती कम होती है, दुकानदार फिर से सड़क और नालियों पर कब्जा जमा लेते हैं। अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात जाम की स्थिति बनती है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। साथ ही नालियों के अवरुद्ध होने से गंदगी फैलती है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं।

## खबर संक्षेप

### शिवसेना मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन कल

**गीदम।** शिवसेना द्वारा गौ रक्षा के समर्थन में चलाए जा रहे महा हस्ताक्षर अभियान जिले में तेजी से आगे बढ़ रहा है। दंतेवाड़ा शिवसेना जिला अध्यक्ष जगदीश दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि गौमाता को राज्य माता का दर्जा दिलाने, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ तस्करी में उपयोग की जाने वाली वाहनों को राजसात करने तथा गौ हत्या करने पर हत्या का मामला दर्ज करने जैसी मांगों को लेकर यह अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव-गांव स्थित गौठानों को गौशाला का स्वरूप देने, घुमंतू गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कलेक्टर दर पर दो गौ सेवकों की नियुक्ति की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई जा रही है। इस अभियान में शिवसेना के पदाधिकारी सहित अनेक शिवसैनिक सक्रिय रूप से घर-घर जाकर जनसमर्थन के रूप में हस्ताक्षर कराने में जुटे हुए हैं।

## निधन

### मृत्युंजय दास

**जगदलपुर।** महारानी वार्ड निवासी व्यवसायी मृत्युंजय दास उर्फ मिठु (48) का आज रायपुर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे संतोष दास के छोटे पुत्र थे। उनके बड़े भाई संजय दास का कुछ साल पहले आकस्मिक निधन हो गया था। मिली जानकारी के मुताबिक वे पथरी की बीमारी के इलाज के लिए 2 दिन पहले रायपुर गए थे। जहां शनिवार की दोपहर में अंतिम सांस ली। देर शाम अंतिम यात्रा कुम्हारपारा निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें परिजन, बंगाली समाज के लोग और शहरवासी शामिल थे। बताया गया कि हाल ही में उन्होंने अपने पुत्र की सगाई की थी जिसका विवाह कुछ दिन बाद होना था। उन्होंने समाज भवन भी विवाह के लिए बुक कर दिया था। परिवार में बुढ़ी मां, पत्नी, एक पुत्र, एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# कलेक्टर ने बस्तर मुन्ने सर्वे और स्कूल निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

जिले के सुदूर एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों में शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर संबित मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे ने आज बीजापुर विकासखंड के कैका मोसला, कचिलवार, गुंडापुर तथा कडेर ग्रामों का दौरा कर विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से बस्तर मुन्ने सर्वे कार्य का अवलोकन किया। सर्वे के माध्यम शत-प्रतिशत सैचुरेशन संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़ों के संकलन की प्रक्रिया को समझते हुए अधिकारियों ने मैदानी स्तर पर कार्य कर रहे कर्मचारियों से चर्चा की और सर्वे को पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सर्वे भविष्य की शैक्षणिक एवं पोषण अधोसंरचना विकास बिजली पानी स्कूल अस्पताल सहित व्यक्ति मूलक योजनाओं की आधारशिला है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की



लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर एवं सीईओ ने निर्माणाधीन स्कूल भवनों का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, ताकि क्षेत्र के बच्चों को शीघ्र बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। गुणवत्ता को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सुदूर अंचलों में बुनियादी सुविधाओं का विकास शासन की प्राथमिकता है और इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग बेहद आवश्यक है। वहीं, सीईओ चौबे ने पंचायत स्तर पर समन्वय बढ़ाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत बीजापुर के सीईओ श्री हिमांशु साहू सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह दौरा प्रशासन की जमीनी सक्रियता और विकास कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### महिला आरक्षण पर कांग्रेस पर निशाना

# कांग्रेस की नकारात्मक सोच महिला हित पर प्रहार : कोरसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेसियों की नकारात्मक सोच महिलाओं के हितों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों पर वार के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है और अब समय बदल चुका है नारी तुझे सलाम नहीं, अब नारी नेतृत्व का युग है।

- कांग्रेस ने 30 वर्षों तक महिला आरक्षण बिल को केवल चुनावी मुद्दा बनाकर रखा

उन्होंने अटल सदन में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में महिलाएं केवल समर्थन के लिए नहीं, बल्कि कांग्रेस के दोहरे चरित्र को उजागर करने के लिए एकत्र हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 30 वर्षों तक महिला आरक्षण बिल को केवल चुनावी मुद्दा बनाकर रखा और इसे पास कराने में गंभीरता नहीं दिखाई। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस अधिनियम को संसद के दोनों सदनों से पारित कराया गया।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून बना। पूरे देश की महिलाओं ने उत्सव के रूप में सरकार का अभिनंदन किया। इस अधिनियम को 2029 से लोकसभा एवं राज्यों की विधान सभाओं में लागू करने के लिए लाया गया जिसे कांग्रेस सहित सभी



विपक्षी पार्टियों ने गैर जिम्मेदाराना रवैया के साथ इसके विरोध में मतदान किया। यह महिला अधिकारों के प्रति घोर अन्याय है देश भर की महिलाओं के मन में कांग्रेस एवं विपक्षी पार्टियों के प्रति गहरा आक्रोश है।

कांग्रेस के विरोध पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस बिल लाने की बात करती थी लेकिन जब 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू हुआ तो नए बहाने सामने लाए जा रहे हैं। उन्होंने इसे महिलाओं के सशक्तिकरण के बजाय राजनीतिक विरोध बताया।

### कांग्रेस का महिला विरोधी रुख

कोरसा ने कांग्रेस पर महिला विरोधी रुख अपनाने का आरोप लगाते हुए तीन तलाक कानून, उज्ज्वला योजना और अन्य योजनाओं पर भी सवाल उठाने का उल्लेख किया। उन्होंने बीजापुर की महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सही निर्णय लें।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष माया झाड़ी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिहर सहनी, महामंत्री पुष्पा सिन्हा, उपाध्यक्ष पूजा पोदी, संगीता दासार सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्राओं को नियमित पढ़ाई के लिए मिलेगा सुरक्षित और अनुकूल वातावरण : कश्यप



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

तोकापाल ब्लॉक के ग्राम परपा में 191.51 लाख रुपये की लागत से निर्मित 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का लोकार्पण सांसद महेश ने किया।

सांसद का छात्राओं ने बस्तर की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर जनजातीय नृत्य के साथ आत्मीय स्वागत किया। सांसद ने कहा कि

- परपा में 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का सांसद ने किया लोकार्पण

सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर बैठी बेटियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। परपा में इस छात्रावास के निर्माण से दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को नियमित पढ़ाई के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण मिलेगा। उन्होंने इसे शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तनकारी कदम बताते हुए कहा कि बेहतर आधारभूत संरचना ही किसी क्षेत्र के शैक्षणिक विकास की असली नींव होती है। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सल मुक्त बस्तर के बाद अब अंदरूनी इलाकों में भी ऐसे विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। विधायक विनायक गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संकल्प अब बस्तर के गांवों तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि यह छात्रावास आने वाले समय में अनेक बेटियों के सपनों को नई दिशा देगा और शिक्षा के प्रति परिवारों का विश्वास भी बढ़ाएगा।

इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, कामदेव बघेल, जनपद अध्यक्ष रामबती भंडारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जिला मंत्री रैतुराम बघेल, मण्डल अध्यक्ष सोमारू कश्यप, उपाध्यक्ष मिटकुराम बघेल, बसन्ती कश्यप, चंद्रकांत भंडारी, बैजनाथ शांडिल्य, रैमती बघेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ग्राम सभाओं में आत्मनिर्भर पंचायत के निर्माण का संकल्प पारित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर जिले में आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्रामीण विकास और सशक्तिकरण की एक नई इबारत लिखी गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में जिला स्तर और विकासखंड पर आयोजित इन कार्यक्रमों में पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर पंचायती राज व्यवस्था की महत्ता और ग्राम स्वराज की अवधारणा पर चर्चा की गई। जहां वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि यह प्रणाली लोकतंत्र की जड़ों



को मजबूत करते हुए जमीनी स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित करती है।

ग्राम सभाओं के दौरान आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत के निर्माण हेतु संकल्प पारित किए गए और गाँव की उन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने खेल, कला या अन्य विधाओं में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है। इसी कड़ी में आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश करने वाली 'लखपति दीदीयों' का भी सम्मान किया गया। सभा में सामुदायिक संसाधनों के संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसे गंभीर विषयों पर विशेष जोर देते हुए ग्राम विकास के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही आगामी जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु ग्रामीणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और प्रगणकों को पूर्ण सहयोग देने पर चर्चा की गई।

# विभिन्न स्पर्धा में विद्यार्थियों की दिखी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय जगदलपुर में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल विधाओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा, क्षमता और अनुशासन का परिचय दिया। महाविद्यालय परिसर खेल प्रतिस्पधार्ओं के रोमांच से जीवंत रहा।

रस्साखींच, कैरम, भाला फेंक, गोला फेंक, दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद, शतरंज, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, रस्सी कूद, कबड्डी तथा बैलून रेस को शामिल किया गया। विद्यार्थियों ने गर्मी में भी पूरे उत्साह से भागीदारी निभाई। समापन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। यह प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे



के मार्गदर्शन में, क्रीड़ा अधिकारी पवन ठाकुर और सहायक प्राध्यापक डॉ. रवि द्विवेदी, सचिन सिंह राजपूत, किरण साहू, मनीषा टाइगर तथा अतिथि व्याख्याता राहुल महावर, मयंक चौहान, शुभम चंद्राकर, मुकेश यादव, संध्या सूर्यवंशी एवं चारू वर्मा ने विभिन्न खेलों का दायित्व संभाला।

# नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया साइंस पार्क का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

जवाहर नवोदय विद्यालय सुकमा-2 के कक्षा 7वीं के 38 विद्यार्थियों ने शुक्रवार को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत साइंस पार्क का दौरा किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और किताबी ज्ञान

- एआर, वीआर लैब में विद्यार्थियों ने लिया वर्चुअल शिक्षा का रोमांचक अनुभव

को व्यावहारिक धरातल पर उतारना था। साइंस पार्क में विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने सर्कस ऑफ़ एनर्जी, न्यूटन के तृतीय नियम, परसिस्टेंस ऑफ विजन, सन डायल, पेंडुलम, कॉनकेव एवं कॉन्वेक्स मिरर, ग्रेविटी ऑफ बॉल और सेंट्रीफ्यूगल फोर्स जैसे कई महत्वपूर्ण मॉडलों के जरिए विज्ञान के कठिन सिद्धांतों को सरल और रोचक रूप में समझा। जो विषय




अब तक विद्यार्थियों के लिए केवल पाठ्यपुस्तकों का हिस्सा थे, उन्हें प्रत्यक्ष रूप से क्रियाशील देखकर बच्चों की जिज्ञासा और विज्ञान के प्रति रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

भ्रमण का सबसे आकर्षक पड़ाव एआर, वीआर लैब रहा। यहाँ विद्यार्थियों ने वर्चुअल रियलिटी हेडसेट के माध्यम से आधुनिक शिक्षा का अनुभव प्राप्त किया। वीआर तकनीक की मदद से उन्होंने पदार्थ के प्रकार, कोशिकाओं की कार्यप्रणाली, ईंधन के विभिन्न रूपों और वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स जैसे विषयों को एक जीवंत और प्रभावशाली तरीके से देखा। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि आधुनिक शिक्षण तकनीकों के प्रयोग से न केवल विद्यार्थियों की विषयों के प्रति समझ स्पष्ट हुई है, बल्कि उनके अधिगम लर्निंग स्तर में भी सुधार आया है। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा और विज्ञान को करीब से जानने की नई ऊर्जा का संचार किया है।



# समर कैंप में दिखी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल चेयरपर्सन (अध्यक्ष) जीएस पटनायक द्वारा आयोजित समर कैंप इस बार सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कुम्हरावंड में आयोजित किया गया। इसमें प्राचार्य वी. भारती, मैनेजमेंट प्रदीप पटनायक एवं समस्त स्टाफ, शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में इस बार बच्चों के मनोरंजन के लिए कई मनोरंजनीय गतिविधियां किए गए। इस दौरान क्रिकेट बैटिंग, जुंबा नृत्य, पेंटिंग, ड्राइंग, (एआई) कंप्यूटर कोडिंग आदि मुख्य रहे। बच्चों के लिए कुछ खेलकूद और म्यूजिकल चेयर भी शामिल रहे। पूरे एक हफ्ते के समर कैंप में चार-चांद लगाने का काम पूरी टीम ने किया, जिसमें हर बच्चे ने अपनी प्रतिभा का आनंद लिया। कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। समर कैंप के समापन समारोह पर अभिभावकों के लिए भी खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों के साथ माता-पिताओं का भी योगदान सराहनीय रहा। बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए इस कैंप का भरपूर आनंद उठाया। इस कैंप के दौरान बच्चों ने जो कुछ सीखा, उसे उन्होंने मंच पर प्रस्तुत किया। सभी अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा की काफी प्रशंसा की। बच्चों ने भी पुरस्कारों को प्राप्त कर समर कैंप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में सभी विजेताओं को मंच पर सम्मानित किया गया। इस समर कैंप के सफल होने पर आयोजनकतार्ओं ने सभी अभिभावकों, स्कूल स्टाफ, शिक्षकों को समर कैंप सफल होने पर दिल से आभार जताया।

# स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने निकले सीएमएचओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

बीजापुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 24 अप्रैल को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी द्वारा विकासखंड भोपालपटनम के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मद्देड

- गांव-गांव पहुंचकर जांचा इलाज और सुविधाओं का स्तर

का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा पॉलीक्लिनिक मद्देड के मेडिकल स्टोर का भी बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में डॉ. पुजारी ने व्हीएचएनडी सत्र और यूनिवर्सल हेल्थ सर्वे के तहत उपस्वास्थ्य केंद्र गोरला अंतर्गत ग्राम दमपाया, उपस्वास्थ्य केंद्र चेरपल्ली अंतर्गत कोनागुडा तथा उपस्वास्थ्य केंद्र रूद्रारम का दौरा किया। उन्होंने



स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन, उपस्थित स्टाफ की कार्यप्रणाली और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मरीजों की नियमित जांच पर विशेष जोर दिया गया। सभी प्रकार के मरीजों का वजन, ऊंचाई, ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन (एचबी) की जांच की गई। साथ ही टीबी, मलेरिया एवं अन्य गंभीर बीमारियों की पहचान कर उनका उपचार किया गया। जिन मरीजों की स्थिति गंभीर पाई गई, उन्हें उचित सलाह देते हुए उच्च स्वास्थ्य केंद्र (हायर सेंटर) में रेफर किया गया। डॉ. पुजारी ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वे मरीजों की पुरानी बीमारियों का पूरा इतिहास दर्ज करें और उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर जांच और सही इलाज ही गंभीर बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। इस निरीक्षण से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन हुआ, बल्कि ग्रामीणों को बेहतर और समय पर इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी सुनिश्चित किए गए।

# गांव की सरकार में जागरूकता का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ किया गया। इन सभाओं में पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा, आगामी योजनाओं की रूपरेखा और ग्रामीण समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। खास बात यह रही कि इस बार की ग्राम सभाओं में जनगणना 2027 को लेकर विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया गया। ग्राम सभाओं में सरपंच, पंचायत सचिव, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों, जल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर विचार-विमर्श हुआ।

साथ ही ग्रामीणों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए, ताकि योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सके। इस अवसर पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को जनगणना 2027 के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना से ही सरकार को सही आंकड़े मिलते हैं, जिनके आधार पर विकास योजनाएं बनाई जाती हैं। इसलिए हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह जनगणना के दौरान सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराए।

ग्रामीणों को यह भी समझाया गया कि जनगणना केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि उनके अपने गांव और क्षेत्र के विकास का आधार है। सही जानकारी देने से ही शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हो पाती हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने जनगणना में सक्रिय सहयोग देने और पंचायत के विकास कार्यों में भागीदारी बढ़ाने का संकल्प लिया। इस प्रकार, विशेष ग्राम सभाओं ने न केवल स्थानीय मुद्दों पर चर्चा का मंच प्रदान किया, बल्कि ग्रामीणों में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## हाईकोर्ट के आदेश से शिक्षकों में उत्साह



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर ने शिक्षकों को उनकी देय तिथि से पुरानी पेंशन का लाभ देने का रास्ता साफ कर दिया है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने राज्य शासन द्वारा दायर रिट याचिका को खारिज करते हुए पूर्व आदेश को बरकरार रखा है। इस फैसले ने हजारों शिक्षकों की उम्मीदों को संबल दिया है। इससे पहले 17 फरवरी 2026 को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने भी शिक्षकों के पक्ष में आदेश पारित करते हुए शासन को 120 दिनों के भीतर पुरानी पेंशन का लाभ देने के निर्देश दिए थे। शासन ने इस आदेश को चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच में अपील दायर की थी, लेकिन अदालत ने उसे भी निरस्त कर दिया। वर्षों से लंबित इस मुद्दे पर ज्ञापन, आंदोलन और संवाद के माध्यम से शिक्षक संगठन अपनी मांग उठाते रहे। शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी, महासचिव डेसनाथ पांडे एवं सह सचिव चन्द्रभूषण ठाकुर ने कहा कि यह फैसला केवल एक कानूनी जीत नहीं, बल्कि शिक्षक समुदाय के सम्मान और अधिकारों की पुनर्स्थापना है।

## सचिन ने अपने प्रशंसक युग को किताब में दिया ऑटोग्राफ

**गीदम।** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले भारत रत्न सचिन तेंदुलकर का गीदम आगमन हुआ। छिंदनार में उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ विभिन्न खेलों में हिस्सा लेकर उनका उत्साह बढ़ाया।



सचिन की एक झलक पाने के लिए जगदलपुर से दंतेवाड़ा तक फैंस में जबरदस्त उत्साह रहा। गीदम के व्यवसायी आशुतोष सुराना के सुपुत्र युग सुराना के लिए यह दिन किसी सपने के सच होने जैसा रहा। क्रिकेट को अपना पैशन मानने वाले युग बचपन से ही बेहतरीन गेंदबाज हैं। खबर मिलते ही युग छिंदनार पहुँचे और अपने प्रेरणास्रोत सचिन को करीब से देखकर भाव-विभोर हो गए। युग ने किताब में सचिन तेंदुलकर का ऑटोग्राफ लिया और इसे अनमोल धरोहर की तरह संजोकर रखा है।

# वर्चेगोंदी के आस्था उत्सव में विधायक ने देवगुड़ी व शीतला मंदिर किया लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ग्राम वर्चेगोंदी (तेलावट) में आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का अनूठा संगम उस समय देखने को मिला, जब पवित्र गेंदों डोकरी देव स्थल पर नव-निर्मित देव गुड़ी एवं शीतला मंदिर का लोकार्पण भव्य रूप से हुआ। इस पावन अवसर पर विधानसभा कांकेर के विधायक आशाराम नेताम मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित रहे और श्रद्धालुओं के साथ धार्मिक उत्सव में सहभागी बने।

ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना कर देव स्थलों का उद्घाटन किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे ग्रामीणों की उपस्थिति और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि ने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और सामूहिक



आस्था का जीवंत प्रतीक बन गया। विधायक अशाराम नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे स्थल हमारी परंपराओं, मान्यताओं और सामाजिक एकता को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इस पवित्र अवसर का साक्षी बनने का अवसर मिला। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। ग्रामीणों ने भी इस आयोजन को ऐतिहासिक बताया और मंदिर निर्माण में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। स्थानीय बुजुर्गों ने कहा कि यह देव स्थल वर्षों से आस्था का केंद्र रहा है और अब इसके विकास से आने वाली पीढ़ियों को भी अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस लोकार्पण कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को नई ऊर्जा दी, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव को भी मजबूती प्रदान की। ग्राम वर्चेगोंदी का यह आयोजन क्षेत्र में लंबे समय तक याद किया जाएगा।

### न फिटनेस का पता न बीमा का, एक माह में ले ली कई की जान

# मौत का कहर बन कर दौड़ रहे टिप्पर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले में इन दिनों सड़क पर चलने वाले वाहन यमराज की भूमि अदा करने में लगे है। बात एचएच की हो या फिर ग्रामीण सड़को की आये दिन मौत की खबरें अब आम हो गई है। खासकर एनएच 30 पर चलने वाली टिप्परों ने तो हदे पार कर दी है।

सुकमा जिले मे इन दिनों सड़को पर चलना किसी जंग के मैदान से कम नही है। राष्ट्रीय राजमार्ग हो या फिर ग्रामीण सड़क हो हर दुसरे दिन मौत की खबरों ने आमजनों को झकझोर दिया है। आलम यह है कि बढ़ती घटनाओं ने परिजनो को चिंता में डाल दिया है। सुकमा जिले मे बढ़ती दुर्घटनाओं के बाद रोजना सफर कर रहे लोगो के मन में भय का वातावरण निर्मित हो गया है। घरों से रवानगी के बाद परिजनों के द्वारा वापसी तक अपने आराध्य देव से इस बात की कामना की जाती है कि वापसी सही सलामती से हो। सुकमा जिले में दुर्घटनाओं में लगातार हो रहे ईजाफा से चिंता बढ़ना लाजमी है। जिले की सड़कों पर बेलगाम रफ्तार एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। 19 अप्रैल की सुबह लगभग

■ **पुलिस ने कहा अब लेगे बड़ा एक्शन**

11 बजे एक बेकाबू टिप्पर ने रक्षित केंद्र के 35 वर्षीय जवान चिंचोड़ गंगा को बेरहमी से कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि जवान को संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

### बिना वैध कागजों के दौड़ रही टिप्पर

इस पूरे मामले का सबसे चैंकाने वाला पहलू यह है कि हादसे में में शामिल अधिकत्तर टिप्पर बिना वैध बीमा के सड़कों पर दौड़ रही है। अधिकांश वाहनों का बीमा समाप्त हो चुका होता है। बावजूद इसके यह मौत का पहिया खुलेआम सड़कों पर घूम रहा था। सिर्फ बीमा ही नहीं, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जैसे बुनियादी दस्तावेजों की भी अनदेखी की जा रही थी। सवाल यह है कि आखिर परिवहन विभाग की निगरानी व्यवस्था कहां सो रही थी। सड़कों पर बढ़ते हादसे सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता का खुला सबूत है। बिना बीमा और बिना वैध दस्तावेजों के भारी वाहन का सड़कों पर दौड़ना सीधे-सीधे परिवहन विभाग की लापरवाही को उजागर करता है। नियमित जांच और सख्ती के दावे इस घटना के बाद खोखले नजर आ रहे हैं। सुकमा जिला मुख्यालय में पुलिस जवान के साथ घटी घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल अब यह है कि जवान की मौत का हर्जाना कैसे तय होगा। जब वाहन बीमित ही नहीं था, तो पीड़ित परिवार को न्याय और मुआवजा दिलाने की जिम्मेदारी किसकी होगी। क्या प्रशासन आगे आकर पीड़ित परिवार को राहत देगा या यह मामला भी कागजों में उलझकर रह जाएगा। लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटना के बाद भी परिवहन विभाग पंगु बना हुआ हैं।

यह घटना एक बार फिर चेतावनी है कि अगर लापरवाही और ढीले सिस्टम पर लगाम नहीं लगी, तो सड़कों पर ऐसे ही निर्दोष लोग अपनी जान गंवाते रहेंगे। ऐसे में अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन अपने ही जवान को न्याय दिलाने इस मामले में कितनी सख्ती दिखाता है और दोषियों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

### रात्रि में सबसे ज्यादा खतरा

जिले मे चल रहे टिप्पर व अधिकांश वाहनो मे न तो नंबर प्लेट है और न ही इंडीकेटर, खासकर रात्री में चलने वाली टिप्परो व लोडिंग वाहनों मे अक्सर दुर्घटना का बड़ा कारण यह भी है। कोन्टा से निर्माण कार्यो हेतु गिट्टी लेकर चलने वली ज्यादात्तर टिप्पर में ऐसी स्थिति आम बात है। अगर पुलिस प्रशासन जांच करे तो कई चैकाने वाले मामले सामने आऐंगे।

### जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा : शुक्ला



इस गंभीर मामले मे टेफिक डीएसपी रोहित शुक्ला ने कहा कि जिले मे वाहनों की जांच का दायरा और बढ़ाया जायेगा। खासकर वाहनों के कागजात से लेकर अन्य जरूरी चीजों की सघन जांच की जाऐगी।

# समय रहते प्रशासन ने दिखाई सख्ती, रूकवाया बाल विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर विकासखंड के एक गांव में प्रस्तावित बाल विवाह को प्रशासन ने समय रहते रोककर एक सराहनीय उदाहरण पेश किया है। जिला बाल संरक्षण इकाई को मिली सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने न केवल एक नाबालिग की जिंदगी को असमय जिम्मेदारियों के बोझ से बचाया, बल्कि समाज में जागरूकता का भी सशक्त संदेश दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत तुएगहन थाना कोरर क्षेत्र में 30 अप्रैल से एक विवाह कार्यक्रम शुरू होने वाला था। सूचना मिलते ही मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। इस टीम में चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा पुलिस थाना कोरर के कर्मचारी शामिल थे। संयुक्त टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बाल विवाह की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इस दौरान ग्राम पंचायत पंडरीपानी के सरपंच, उपसरपंच, पटेल एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिससे कार्रवाई को स्थानीय स्तर पर भी समर्थन मिला। टीम ने लड़के और लड़की की आयु से संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की, जिसमें यह सामने आया कि लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम है, जो कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत निर्धारित न्यूनतम आयु से कम है। स्थिति स्पष्ट होने के बाद अधिकारियों ने परिजनों को समझाइश दी और उन्हें बाल विवाह के दुष्परिणामों के साथ-साथ कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। समझाइश का सकारात्मक असर देखने को मिला और परिवार ने सहमति पत्र/पंचनामा पर हस्ताक्षर कर बाल विवाह नहीं करने का आश्वासन दिया।

प्रशासन की इस तत्परता और सजगता से एक संभावित बाल विवाह को सफलतापूर्वक रोका जा सका। यह कार्रवाई न केवल कानून के पालन का उदाहरण है, बल्कि समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

# गौ सम्मान अभियान का प्रथम चरण 27 को, तैयारी है जोरों पर

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| भानुप्रतापपुर

देशभर में गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर 27 अप्रैल को गौ सम्मान आवाहन अभियान का प्रथम चरण आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रत्येक तहसील स्तर पर गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ हत्या पर तत्काल प्रतिबंध लगाने तथा कठोर दंड संहिता लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा।



जिले के भानुप्रतापपुर तहसील में भी व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गौ रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गौ भक्त गांव-गांव और गली-गली पहुंचकर गौ माता की महिमा का गुणगान कर रहे हैं। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान किसी संगठन, संस्था या राजनीतिक दल के बैनर तले नहीं, बल्कि आमजन और देशभर के साधु-संतों की प्रेरणा से स्वस्फूर्त रूप से संचालित हो रहा है। अभियान के दौरान चंदा संग्रह, राजनीतिक प्रचार, नारेबाजी या किसी भी प्रकार से सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे भानुप्रतापपुर रेस्ट हाउस में भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# सही दवा रहे शुद्ध आहार की थीम पर 15 दिवसीय जांच अभियान कल से

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार जिले में 27 अप्रैल से 11 मई तक सही दवा शुद्ध आहार, यही है छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर 15 दिवसीय जांच अभियान संचालित किया जाएगा, जिसके लिए तैयारी पूर्ण हो चुकी है।

जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से संचालित किए जा रहे इस अभियान के लिए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के साथ राजस्व एवं पुलिस विभाग के अमले को शामिल कर पृथक -पृथक दो खाद्य एवं औषधि प्रकोष्ठ टीम गठित किया जा रहा है। इन दलों के द्वारा 15 दिवसीय जांच अभियान में जिले में सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं मानकयुक्त दवाओं व खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, मिलावट,नकली दवाओं और औषधि बिक्री पर नियंत्रण के साथ -साथ जनसामान्य को सुरक्षित दवा का उपयोग और स्वच्छ पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है ताकि जनस्वास्थ्य की रक्षा और सुधार हो सके। इसके लिए जिले के विभिन्न औषधि प्रतिष्ठानों जैसे थोक एवं खुदरा औषधि विक्रेता, फास्ट मूविंग कास्मेटिक एजेंसी, अस्पतालों से जुड़ी फार्मेसी चेन, वेक्सीन संधारण,स्वानक औषधि भण्डारण एवं विक्रय,कोटपा अधिनियम अंतर्गत चालानी कार्रवाई एवं जागरूकता, संदेहास्पद औषधि एवं प्रसाधन सामग्री का नमूना संग्रहण करनें के साथ -साथ विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों जैसे चाट, गुपचुप सेंटर, गन्ना रस,साफ्ट ड्रिंक्स, आइसक्रीम वेंडर्स,ड्रेसरी प्रोडक्ट, होटल,ढाबा, रेस्टोरेंट,केक एवं बेकरी प्रोडक्ट विनिर्माण,पेप्सी,आइसकैंडी,आइसगोल । विक्रेता प्रतिष्ठानों का सघन जांच एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की जायेगी। खाद्य प्रकोष्ठ के लिए जिला अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं नमूना सहायक तथा औषधि प्रकोष्ठ के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग को शामिल कर गठित संयुक्त टीम द्वारा जिले के औषधि एवं खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच एवं जागरूकता अभियान का संचालन किया जाएगा तथा प्रतिदिन किए गए कार्रवाई का का संकलन कर जानकारी नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर को भेजा जाएगा।

# रैली में नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का किया प्रयास




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएस टीकाम निर्देश एवं खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन, पर्यवेक्षक दिनेश पराते के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग व लेप्रा सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व मलेरिया दिवस में जनजागरुकता रैली निकाली एवं कार्यशाला आयोजित किया गया। सर्वप्रथम रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से मुख्य मार्गों से होते हुए ग्राम पाराओं में भ्रमण करते व नारों के साथ मलेरिया से बचाव के नारे लगाए। रात को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने की जानकारी नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का पूरा प्रयास किया। रैली में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी लेप्रा सोसाइटी व क्राईस्ट कालेज के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए। रैली लगभग एक किलोमीटर जाने के पश्चात वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभा कक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें क्राईस्ट कालेज के ट्यूटर निशा ठाकुर एवं तेजश्वनी साहू ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को मलेरिया के लक्षण बचाव एवं उपचार का विस्तार पूर्वक बताया। घरों के आसपास साफ सफाई गढ्ढे में जमा पानी के निकासी के उपाय बताए। इस अवसर पर जिला मलेरिया कार्यालय के कर्मचारी जिला मलेरिया सलाहकार लव कुमार नागे, टुमेश्वर गजभिये, रजनीश आचार्य, पर्यवेक्षक रोहित पांडे, क्राईस्ट कालेज के ट्यूटर नीशा ठाकुर, तेजश्वनी साहू, लेप्रा सोसाइटी से स्टाफ नर्स रेणुका मसीह, पर्यवेक्षक रामाराव, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता चन्द्रमा जोगी, गुनमनी कश्यप, जागेश्वर कश्यप, दिलेश्वरी, शांती मौर्य, बीईटीओ सहित क्राईस्ट कालेज के प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए।

## कमालूर में रेलवे ओवरब्रिज बनाने में सरकार गंभीर नहीं : तुलिका

**दंतेवाड़ा।** कांग्रेस नेत्री एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने केके रेल लाइन पर कमालूर में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि दशकों से इस क्षेत्र का विकास रेलवे लाइन के कारण बाधित है, लेकिन न तो रेलवे और न ही जिला प्रशासन इस समस्या को लेकर गंभीर नजर आ रहा है। तुलिका कर्मा ने कहा कि कमालूर में ओवरब्रिज नहीं होने के कारण डेढ़ दर्जन से अधिक गांव आज भी सीधे बैलाडीला से नहीं जुड़ पा रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# 46 परीक्षा केंद्रों पर होगी मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा मण्डी बोर्ड उप निरीक्षक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल को पूर्वान्ह 10 बजे से 12:15 बजे तक बस्तर जिले के 46 परीक्षा केन्द्रों में की जाएगी, जिसमें कुल 12 हजार 136 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। जिसके तहत शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज में 360, झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में 360, शासकीय दन्तेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय में 360, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रं.-1 में 360, शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डरी स्कूल में 360, सेजेस शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रं.-2, राजेन्द्र नगर वार्ड में 360, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंगलिश मीडियम शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल धरमपुरा में 360, स्वामी विवेकानंद शासकीय एक्सीलेंट इंगलिश मीडियम स्कूल अग्रसेन चौक में 360, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट हिन्दी मीडियम शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल रेल्वे कालोनी में 300, धरमु माहरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक धरमपुरा-2 में 240, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल भगत सिंह में 300, बाल विहार हायर सेकण्डरी स्कूल में 360, निर्मल हायर सेकण्डरी स्कूल में 360, श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय में 300, विद्या ज्योति हायर सेकण्डरी स्कूल में 360, दीप्ति कॉन्वेंट हायर सेकण्डरी स्कूल में 360, शहीद गुण्डाधूर कॉलेज कृषि एवं अनुसंधान केन्द्र कुम्हरावण्ड में 360, एमजीएम स्कूल धरमपुरा-2 में 120, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल आसना में 300, क्राईस्ट कॉलेज में 360, श्री विद्यापती एकेडमी बहादुरगुड़ा में 300, सक्सेस कॉन्वेंट हायर सेकण्डरी स्कूल में 300, डीपीएस हायर सेकण्डरी स्कूल कालीपुर में 300, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बिलोरी में 240, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में 300, शासकीय हाईस्कूल केवरामुण्डा में 120, सेंट जेवियर हाईस्कूल में 300, सूर्या कॉलेज में 300, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल तितिरगांव में 180, शासकीय बालक हायर सेकण्डरी स्कूल बस्तर में 300, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल आड़ावाल में 240, शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल बस्तर में 180, कालीबाड़ी हाईस्कूल में 120, बचपन अकादमी हाईट्स पब्लिक स्कूल में 60, पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में 240, श्री गुरूनानक पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल में 180, शासकीय आईटीआई आड़ावाल में 120, आदेश्वर अकादमी आड़ावाल में 240, शासकीय हायर सकेण्डरी स्कूल पोटानार में 300, स्वामी आत्मानंद शासकीय एक्सीलेंट स्कूल करंजी में 300, अंजुमन उर्दू-हिन्दी हायर सेकण्डरी में 120, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय धरमपुरा में 120, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल घाटलोहंगा में 180, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बोरपदर में 180, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल पण्डरीपानी में 180 तथा माउंट लिटेरा जी स्कूल पोड़ागुड़ा में 136 परीक्षार्थी शामिल होंगें।

### नियमों का करना होगा पालन

परीक्षार्थियों को हल्के रंग के हाफ टी-शर्ट, हल्के कपड़े एवं पैरों में चप्पल पहन कर आना होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण जैसे बाली, झूमका आदि सख्त वर्जित है। साथ ही घड़ी पर्स, मोबाईल, बेल्ट, जूता, मोजा, ईलेक्ट्रानिक उपकरण, हाथ में कड़ी, धागे कोई भी संचार का साधन स्कार्प, टोपी, चश्मा आदि पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर मनीष कुमार वर्मा को नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डॉ. अनिल श्रीवास्तव को समन्वयक का दायित्व सौंपा गया है। वहीं सहायक प्राध्यापक शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डॉ. अजय सिंह ठाकुर को सहायक समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411